# डिस्कलेमर

**अंतरिम आदेश संख्या 01/2023-24 का हिंदी अनुवाद संलग्न है। इस हिंदी पाठ के अंतर्गत दी गई किसी भी व्याख्या या अर्थ के संदर्भ में कोई भी भ्रांति या संदेह होने पर कृपया अंग्रेजी पाठ को ही प्रामाणिक माना जाए।**

फ़ाइल संख्या ऐरा/20010/एमवाईटीपी/जीआईएएल/मोपा-गोवा/2022-23

# भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण

*****

**आदेश संख्या 01/2023-24**

ऐरा भवन,
प्रशासनिक परिसर,
सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली- 110 003.

**जारी करने की तारीख : 18th अप्रैल, 2023**

**विषय: हवाईअड्डा प्रचालक (मैसर्स गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) द्वारा मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (एमआईए) मोपा, गोवा में प्रदान की जाने वाली ब्रिज माउंटेड उपस्कर (बीएमई) सेवाओं के लिए 24.04.2023 से 30.09.2023 तक की अवधि के लिए तदर्थ टैरिफ के मामले में**

## 1. पृष्ठभूमि

1.1 गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल) को मोपा, उत्तरी गोवा में ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा बनाने के लिए गोवा सरकार द्वारा 08.11.2016 को डिज़ाइन, निर्माण, वित्त, प्रचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर नियत तारीख (04 सितम्बर, 2017) से प्रारंभ कर 40 वर्ष की अवधि के लिए रियायत प्रदान की गई थी। इस अवधि को आगे 20 वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है।

1.2 जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड ("जीएएल") की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जीआईएएल को मोपा, उत्तरी गोवा में ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा ("मोपा हवाईअड्डा") स्थापित करने के लिए विशेष प्रयोजन माध्यम (एसवीपी) बनाया गया है। मोपा,गोवा में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा बनाने के लिए गोवा सरकार और जीआईएएल के बीच दिनांक 8.11.2016 को रियायत करार किया गया था।

1.3 गोवा में डेबोलिम में पहले से ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सिविल एन्कलेव के रूप में चलाया जा रहा हवाईअड्डा है। इस ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे, अर्थात मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए निर्धारित स्थल मौजूदा हवाईअड्डे के निकट ही है। ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे को प्रचालित किए जाने के बाद अब गोवा राज्य के पास दो हवाईअड्डा प्रणाली हो गई है और यात्रियों को दोनों से किसी भी हवाईअड्डे से यात्रा करने की सुविधा है।

## 2. <u>बीएमई सेवाओं के लिए तदर्थ टैरिफ के संबंध में जीआईएएल की प्रस्तुति</u>

2.1 जीआईएएल ने दिनांक 06 मार्च, 2023 के पत्र द्वारा मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, मोपा, गोवा में हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा बीएमई सेवाएँ प्रदान करने के लिए तदर्थ टैरिफ के अनुमोदन के लिए अपना प्रस्ताव पेश किया है।

2.2 जीआईएएल ने अपनी प्रस्तुति में विशिष्ट रूप से मोपा, गोवा में शून्य कार्बन हवाईअड्डा प्रचालनों की अपनी वचनबद्धता व्यक्त की है। हवाईअड्डा प्रचालक के अनुसार हवाईअड्डे पर बीएमई सेवाएं बढ़ाना उनकी शून्य कार्बन हवाईअड्डा कार्यान्वियन योजना के प्रमुख घटकों में से एक है।

2.3 हवाईअड्डा प्रचालक ने कहा है कि मोपा हवाईअड्डा, गोवा से अंतरदेशीय उड़ान प्रचालन 05 जनवरी, 2023 से शुरू हो चुके हैं और अंतरराष्ट्रीय उड़ान प्रचालन मई, 2023 से प्रारंभ होने की आशा है।

2.4 हवाईअड्डा प्रचालक ने मोपा हवाईअड्डे पर बीएमई सेवाओं के लिए तदर्थ टैरिफ के अपने प्रस्ताव के साथ-साथ सीएसआईए, मुम्बई और केआईए, बैंगलुरू में बीएमई सेवाओं की प्रचालित दरों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया है।

## 3. <u>मोपा हवाईअड्डा, गोवा में बीएमई सेवाओं के लिए तदर्थ टैरिफ के संबंध में प्राधिकरण की जांच</u>

3.1 प्राधिकरण नोट करता है कि जीआईएएल ने दिनांक 06.03.2023 के अपने पत्र में विमान कोड पर आधारित विभिन्न श्रेणियों के विमानों के लिए बीएमई सेवाओं के लिए दरें पेश की हैं और हवाईअड्डा प्रचालक ने सीएसएमआईए, मुम्बई में प्रचलित दरों के आधार पर बीएमई सेवाओं के लिए टैरिफ का प्रस्ताव किया है।

3.2 प्राधिकरण मोपा हवाईअड्डा, गोवा में वैमानिक सेवाओं के संबंध में हवाईअड्डा प्रचालनों की तारीख से प्रभावी तदर्थ टैरिफ के लिए अनुमोदन पहले ही कर चुका है और नियमित टैरिफ निर्धारित करने की प्रक्रिया जारी है। अब हवाईअड्डा प्रचालक ने मोपा, गोवा हवाईअड्डे पर सीधे हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा या इसके रियायतग्राही के माध्यम से प्रदान की जाने वाली बीएमई सेवाओं के संबंध में तदर्थ टैरिफ के अनुमोदन के लिए अलग प्रस्ताव पेश किया है।

3.3 चूंकि नियमित टैरिफ निर्धारित करने के कार्य मे थोड़ा समय लगेगा इसलिए प्राधिकरण ने सोचा कि बीएमई सेवाओं के लिए अंतरिम उपाय के तौर पर तदर्थ टैरिफ निर्धारित करना आवश्यक है ताकि हवाईअड्डा प्रचालक मोपा हवाईअड्डे पर अपनी प्रस्तावित बीएमई सेवाएं प्रारंभ कर सके।

3.4 प्राधिकरण ने हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा प्रस्तावित तदर्थ टैरिफ का बीएमई सेवाओं के लिए मुम्बई और बैंगलुरू हवाईअड्डों पर प्रचलित टैरिफ से मिलान किया है। यह उल्लेख करना सुसंगत है कि प्राधिकरण ने हाल ही में केवल बीएमई से संबंधित केपैक्स, ओपैक्स आदि को ध्यान में रखकर एकल आधार पर कैंपेगोड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (केआईए), बैंगलुरू में ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं से संबंधित अपने आदेश संख्या 10/2022-23 के परिशिष्ट के रूप में बीएमई सेवाओं के लिए टैरिफ निर्धारित कर दी है।

3.5 हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा मोपा, गोवा हवाईअड्डे के लिए प्रस्तावित बीएमई सेवाओं की टैरिफ का मुम्बई और बैंगलुरू हवाईअड्डों पर प्रचलित बीएमई सेवाओं की टैरिफ से मिलान करने के बाद प्राधिकरण का यह कहना है कि केआईए, बैंगलुरू में लागू बीएमई सेवाओं के प्रभार प्रतिस्पर्धी हैं और मोपा, गोवा हवाईअड्डे से सुसंगत है, क्योंकि इन दोनों हवाईअड्डों पर बीएमई सेवाएं एकल सेवाओं के रूप में प्रदान की जा रही हैं न कि मुम्बई हवाईअड्डे की तरह ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के भाग के रूप में प्रदान की जा रही है। अत: प्राधिकरण मोपा, गोवा हवाईअड्डे पर बीएमई सेवाओं के लिए बैंगलुरू हवाईअड्डे पर इन्हीं सेवाओं के लिए प्रचलित टैरिफ के आधार पर तदर्थ टैरिफ को मानने का निर्णय लेता है।

3.6 तदनुसार प्राधिकरण हवाईअड्डा प्रचालक/ बाह्य स्रोत के रियायतग्राही को अंतरिम उपाय के तौर पर संलग्नक-I के अनुसार बीएमई सेवाओं के लिए 24.04.2023 से 30.09.2023 तक या हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा नियमित वैमानिक टैरिफ को अंतिम रूप दिए जाने तक, जो भी पहले हो, तदर्थ टैरिफ लगाने और वसूल करने की अनुमति देने का निर्णय लेता है।

3.7 प्राधिकरण यह भी निर्णय लेता है कि जीआईएएल द्वारा मोपा, गोवा हवाईअड्डे पर अंतरिम अवधि में तदर्थ आधार पर बीएमई सेवाओं से संग्रहित किए जाने वाले राजस्व को प्राधिकरण द्वारा हवाईअड्डा प्रचालक के लिए वैमानिक सेवाओं के संबंध में नियमित टैरिफ निर्धारित करते समय हिसाब में लिया जाएगा।

3.8 हवाईअड्डा प्रचालक यह सुनिश्चित करेगा कि मोपा, गोवा हवाईअड्डे पर बीएमई सेवाएं प्रारंभ करने से पूर्व बीएमई से संबंधित अपेक्षित विनियामक अनुमोदन, यदि कोई हो, प्राप्त कर लिए गए हैं।

## 4. <u>आदेश</u>

4.1 भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 की धारा 13 (1) (ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकरण एतद्वारा आदेश देता है कि :

(i) गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल) मोपा, गोवा को **24.04.2023 से 30.09.2023 तक** या प्रथम नियंत्रण अवधि के संबंध में हवाईअड्डा प्रचालक के लिए नियमित वैमानिक टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, **संलग्नक–I** के अनुसार तदर्थ आधार पर बीएमई सेवाओं के लिए टैरिफ लगाने और वसूल करने की अनुमति दी जाती है।

(ii) यह आदेश मोपा हवाईअड्डा, गोवा में बीएमई सेवाएं प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक विनियामक अनुमोदन, यदि कोई हो, प्राप्त करने की शर्त पर प्रभावी होगा।

(iii) ऊपर बताए अनुसार निर्धारित टैरिफ प्रयोक्ताओं से वसूली जाने वाली अधिकतम टैरिफ है और अनुमोदित टैरिफ के अतिरिक्त अन्य कोई प्रभार नहीं लगाया जाए।

(iv) ऊपर बताए अनुमोदित टैरिफ में सभी लागू सरकारी कर, यदि कोई हो, शामिल नहीं है।

**प्राधिकरण की ओर से जारीकर्ता**

**(कर्नल मनु सूदन)**
**सचिव**

**सेवा में,**

**श्री शेषन, आरवी**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी,**
गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड,
न्यू उड़ान भवन, टर्मिनल 3 के सामने,
आईजीआई हवाईअड्डा, नई दिल्ली-110037

<u>प्रतिलिपि,</u>

**सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली–110 003 को सूचनार्थ**

**<u>संलग्नक I</u>**

**गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के लिए मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, मोपा, गोवा में ब्रिज माउंटेड उपस्कर (बीएमई) सेवाओं के लिए 24.04.2023 से 30.09.2023 तक की अवधि के लिए ऐरा द्वारा अनुमोदित तदर्थ टैरिफ**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **फ़िक्स्ड इलैक्ट्रिकल ग्राउंड पावर (एफ़ईजीपी)** | | | |
| **उड़ान** | **विमान कोड** | | **(दर प्रति घंटे रूपए में)** |
| अंतरदेशीय | कोड बी एवं सी | | 2,261.60 |
| | कोड डी | | 2,713.92 |
| | कोड ई | | 3,166.24 |
| अंतरराष्ट्रीय | कोड सी | सिंगल केबल | 5,205.79 |
| | कोड डी | सिंगल केबल | 5,205.79 |
| | कोड ई | डबल केबल | 6,291.36 |
| प्री – कंडीशंड एयर (पीसीए) | | | |
| **उड़ान** | **विमान कोड** | | **(दर प्रति घंटे रूपए में)** |
| अंतरदेशीय | कोड सी | | 3,396.51 |
| | कोड डी | | 3,618.56 |
| | कोड ई | | 3,848.83 |
| अंतरराष्ट्रीय | कोड सी | 60 टी तक | 5,296.26 |
| | कोड डी | 90 टी तक | 5,904.83 |
| | कोड ई | 90 टी तक | 5,904.83 |

नोट :

1. बीएमई सेवाओं के ऊपर उल्लिखित प्रभारों में सरकारी कर, यदि कोई हो, शामिल नहीं है।
2. एयरलाइनों से ऊपर उल्लिखित बीएमई सेवा प्रभार हवाईअड्डा प्रचालक द्वारा या उसके रियायतग्राही के माध्यम से वसूल किए जा सकते हैं।